कार्यालय प्राचार्य, किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

स्नातक स्तर के प्रथम सेमेस्टर की विभिन्न कक्षाओं में "वर्गवार मुक्त प्रवेश" संबधी सूचना

दिनांक 16.07.2024"

सत्र 2024–25 में इस महाविद्यालय की स्नातक स्तर के प्रथम सेमेस्टर की विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश के इच्छुक विश्वविद्यालय के पोर्टल में निर्धारित तिथि तक पंजीकृत , पात्र आवेदकों को सूचित किया जाता है कि संबधित कक्षाओं की प्रथम दो प्रवेश सूचियों के अनुसार प्रवेश की अंतिम तिथि के पश्चात् भी रिक्त रह गए स्थानों (सीटों) पर शासन के निर्देशानुसार वर्गवार मुक्त प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 18 जुलाई 2024 से 22 जुलाई 2024 तक (प्रति कार्यदिवस पूर्वान्ह 11 से अपरान्ह 2 बजे तक) निम्नानुसार संपादित की जावेगी –

1. वर्गवार रिक्त सीटों से कम आवेदक उपस्थित होने पर उन्हें उनकी श्रेणी मे सीधे प्रवेश दिया जा सकेगा, लेकिन रिक्त सीटों से अधिक संख्या में आवेदकों के उपस्थित रहने पर , उपस्थित आवेदकों को उनके प्राप्ताकों के मेरिट के आधार प्रवेश दिया जा सकेगा।
2. वर्गवार रिक्त सीटों से कम आवेदक उपस्थित होने पर , शेष सीटों पर , पूर्व की प्रकाशित दो सूचियों के पात्र आवेदकों को विलंब शुल्क सहित प्रवेश दिया जा सकेगा।
3. उपस्थित आवेदकों को चिन्हित करने हेतु महाविद्यालय के टोकन का उपयोग किया जावेगा।

अतः प्रवेश के इच्छुक उपर्युक्त पात्र आवेदक निर्धारित तिथि एवं समय पर संबधित प्रवेश स्थल पर प्रवेश समिति के समक्ष निम्नांकित प्रपत्र प्रस्तुत कर, प्रवेश शुल्क जमा करने की लिखित अनुमति प्राप्त करने के पश्चात्, प्रवेश शुल्क (ऑन लाईन) जमा कर, शुल्क रसीद प्रवेश समिति के पास तत्काल जमा कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में उनकी प्रवेश पात्रता स्वतः समाप्त हो जावेगी।

1. ऑनलाईन प्रवेश आवेदन पत्र की समुचित हस्ताक्षरित मूल प्रति ।
2. आवेदन शुल्क 50 रू. की जमा रसीद ।
3. कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की अंकसूचियों की स्व प्रमाणित / सत्यापित छायाप्रतियां ।
4. स्थानांतरण प्रमाण पत्र (Transfer Certificate) की **मूल** प्रति ।
5. चरित्र प्रमाण पत्र (Character Certificate) की **मूल** प्रति ।
6. प्रवजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) की **मूल** एवं छायाप्रति ।
7. जाति प्रमाण पत्र (Caste Certificate) की स्व प्रमाणित / सत्यापित छायाप्रति ।
8. स्वयं की वर्तमान पासपोर्ट साईज फोटो – 1 नग
9. निवास प्रमाण पत्र
10. आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति ।
11. आवश्यकतानुसार अन्य प्रपत्र – विश्वविद्यालय का पात्रता प्रमाण पत्र, गेप सार्टिफिकेट, दिव्यांग प्रमाण पत्र, शासकीय सेवक / बी.पी.एल. परिवार ....से संबधित प्रमाण पत्र आदि।

(डॉ. प्रीतिबाला बैस) 16/7/24

प्राचार्य

किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय,

रायगढ़ (छ.ग.)